Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 12-11-2022 अंक 398

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### 20 सूत्री की पहली बैठक संपन्न




सतगावां प्रखंड स्थित सभागार में शनिवार को 20 सूत्री की एक बैठक बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह की अध्यक्षता में की गई ।बैठक का संचालन बीडीओ बैद्यनाथ उरांव ने किया बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व कर्मच. ।रियों के द्वारा चलाए जा रहे अपने-अपने विभाग के द्वारा जनहित के कार्यो के प्रति प्रकाश डाला गया पहली बैठक होने के कारण परिचयात्मक व विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई ।परिचयात्मक बैठक कर बैठक संपन्न किया गया ।मौके पर सीडीपीओ संतोष कुमार,थाना प्रभारी आनंद कुमार शाह, पशुपालन पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० रविकांत कुमार, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी साहेब शकील अहमद, 20 सूत्री सदस्य गणेश राय,तारिणी सिंह,ब्यूटी कुमारी आदि अन्य लोग उपस्थित थे

### मुखिया अनिकेत नायक ने खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री का वितरण किया



बड़कागांव : चेपा कला पंचायत के मुखिया अनिकेत नायक ने खिलाड़ियों की प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट बैट , बॉल , व अन्य खेल सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान मुखिया अनिकेत नायक ने कहा कि बड़कागांव प्रखंड में कई ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ी हैं जिन्हें प्रोत्साहित करने के बाद वे आगे चलकर अपने गांव शहर का नाम रोशन देश स्तर पर कर सकते हैं।

### नाई समाज की बैठक संपन्न



बरही पश्चिमी पंचायत अंतर्गत बरही छठ घाट में स्थित सूर्य मंदिर के प्रांगण में नाई समाज का बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता छोटी ठाकुर वा संचालन जीतू ठाकुर ने किया। बैठक में नाई समाज को संगठन एवं नाई महा. सम्मेलन को सफल बनाने की लेकर चर्चा की गई। मौके पर कालीचरण ठाकुर उर्फ संतोष शर्मा, लोकेश ठाकुर, ईश्वर ठाकुर, विशेश्वर ठाकुर, देवधारि ठाकुर, सुखदेव ठाकुर, मनोज ठाकुर, अशोक ठाकुर, योगेंद्र ठाकुर, शनिचर ठाकुर, पिंटू ठाकुर, सुंदर ठाकुर सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

# वृक्षों की कटाई से पड़ रहा पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव








**अपेम लाइव : संतगांवा**

सतगावां प्रखंड के चांदडीह, राजाबर, कटैया, मीरगंज, भागलपुर, दोनैया,पचाने आदि वन प्रक्षेत्र में लाखों लाख रुपये के लागत से लगाए गए वृक्ष की जमकर कटाई होने से पर्यावरण पर खतरा मंडरा रही है एक ओर जहां पेयजल को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में हाहाकार मचा हुआ है वहीं दूसरी ओर वन विभाग के लापरवाही से वनों में लगे बेशकीमती महुआ,सखुआ आदि लकडी की अंधाधुंध कटाई की गई है एक ओर सरकार के द्वारा वृक्ष लगाने के लिए वन विभाग के द्वारा लाखो लाख रुपये खर्च की गई वहीं दूसरी ओर वृक्षों की कटाई से सरकार व पर्यावरण का काफी नुकसान हुआ है वृक्षों की देखभाल के लिए रेंजर से लेकर वनपाल, वनरक्षी, गार्ड रहने के बावजूद भी वनों की कटाई होना वन विभाग के लिए शर्मिंदगी की बात है मजे की बात है कि वन प्रक्षेत्र कार्यालय से सटे लगभग 1000 फीट की दूरी चांदडीह व लक्ष्मणडीह, सिहास, खैरा, ढाब, दुमदुम्मा व राजाबर, मीरगंज, दोनैया, पचाने, भागलपुर वन प्रक्षेत्र में लगे लाखों लाख रुपये खर्च कर लगाए गए वृक्ष हाथी का दांत साबित हो रहा है बताया जाता है कि वन विभाग की लापरवाही व उदासीनता का साक्ष्य नमुना है यहाँ अधिकतर वन प्रभार में रहने के कारण प्रक्षेत्र पदाधिकारी अपने क्षेत्र में रहते हैं जिसके कारण वन प्रक्षेत्र के कर्मचारी भी गायब रहते हैं इस बीच लोग वनों की अंधाधुंध कटाई कर लेते हैं यहाँ तक कि सरकार के द्वारा लगाए गए वन प्रक्षेत्र में की गई खर्च व्यर्थ जाता है वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी के लापरवाही के कारण सतगावां के कानीकेन्द, भदाली, मीरगंज, धनुकी, चूनाडीह,राजाबर,मीरगंज,भागलपुर आदि जंगलों में महुआ शराब का बडे पैमाने पर मिनी फैक्ट्री चलाया जा रहा है जिसमें वन विभाग का बेशकीमती लकडियों का इस्तेमाल शराब बनाने के लिए की जा रही है जिसके कारण पिछले कई वर्षो से पर्यावरण शुद्ध नहीं रहने से बारिश में कमी है और हर क्षेत्र में सुखाड की स्थिति उत्पन्न हो गई है इस ओर न प्रखंड प्रशासन की नजर है न जिला प्रशासन की जिसके कारण बेखौफ होकर वनों की कटाई हो रही है और पर्यावरण का नुकसान हो रहा है।

# पशुओं में तेजी से फैल रही लंबी बीमारी न इलाज की व्यवस्था न टीका है उपलब्ध







**अपेम लाइव : संतगांवा**

पशुओं में लंपी बीमारी का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है ।यह घातक है। जिस कारण पशुपालक दहशत में है यह बीमारी इतना खतरनाक है कि सही समय पर इलाज नहीं किया गया तो जानलेवा हो जाती है ।मुख्यतः यह बीमारी नम जगहों में उत्पन्न होती है ।जहाँ मच्छर मक्खी का प्रकोप ज्यादा होता है। वैसे तो यह बीमारी जीवाणु के द्वारा उत्पन्न होती है। लेकिन इसके संपर्क में रहने से अन्य जानवरों में भी हो सकती है। इस तरह का मामला प्रखंड क्षेत्र के लगभग प्रत्येक गांव में देखी जा रही है। जिस कारण क्षेत्र के किसान एवं पशुपालक बेचौनी महसूस कर रहे हैं। इस मामले में पशुपालकों शिवपुर निवासी शैलेन्द्र कुमार, सच्चिदानंद सिंह, विमल सिंह,कौशेलेन्द्र कुमार,अरबिंद सिंह,तारिणी सिंह व पूतोडीह निवासी इंद्रदेव यादव,धीरज कुमार आदि का कहना है कि कोरोना वायरस के कारण जिस तरह लोग दहशत में थे उसी तरह पशुपालकों की स्थिति हो गई है ।वैसे पशुपालक अपने पशुओं को लेकर इस तरह चिंतित हैं कि कब उनके पशुओं पर इस तरह का जानलेवा आघात हो जाएगा डॉक्टरों की माने तो यह एक जानलेवा बीमारी है दुधारू पशुओं पर इसका सीधा असर हो रहा है जिसके चलते दूध का व्यवसाय करने वाले चिंतित होने लगे हैं क्योंकि जैसे-जैसे यह रोग बढ़ते जा रहा है ।उसके हिसाब से दूध खरीदने वाले ग्राहक भी कन्नी काटने लगे। दुधारू पशुओं का दूध कम हो रहा है इससे पशुपालकों को भारी नुकसान होने की संभावना बढ़ गई है ।यह तो रही दूध की व्यवसाय की बात किंतु उनकी जान बचाना भी परेशानी का सबब बन गया। इसके रखरखाव एवं उपचार के लिए मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है ।क्योंकि इसका टीका नहीं होने के कारण लोग असमंजस में इस कदर फंस गए हैं इसकी रोकथाम के लिए कौन सा उपाय करें। ग्रामीण चिकित्सक को समझ में नहीं आ रहा है वहीं सरकारी अस्पताल में इसका उचित दवा नहीं होने के कारण एंटीबायोटिक का सहारा लिया जा रहा है यानी कुल मिलाकर यह रोग पहेली बनी हुई है।

# प्रेम प्रसंग के मामले मे लापता किशोरी का शव कुआं से बरामद, हत्या की आशंका

**अपेम लाइव : डोमचांच**
**राजेश मेहता**



डोमचांच (कोडरमा) थाना क्षेत्र के गोलवाढाब स्थित एक कुएं से दिन शुक्रवार को नाबालिग का शव बरामद हुआ है. वहीं मृतक की पहचान नुसरत खातून उम्र 17 वर्ष पिता मुमताज़ अंसारी ग्राम गोलवाढाब, थाना डोमचांच के रूप मे हुई है। वहीं बताया जा रहा है कि नाबालिग पिछले दो दिनों से लापता थी. शुक्रवार शाम मवेशी चराने गये बच्चे ने कुएं में तैरता हुआ शव देखा. इसकी जानकारी ग्रामीणों को देते हुए भीड़ एकट्ठा होकर देखा की एक लड़की का शव कुएं में तैर रहा है. जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दिया वहीं पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच में जुटते हुए ग्रामीणों के सहयोग से शव को कुएं से निकाला कर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. उक्त मामले मे ग्रामीणों ने बताया कि नाबालिग का गांव के ही रहने वाले एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था. वहीं पिछले दो दिनों से लड़की लापता थी. गांव वालों ने आशंका जतायी है कि नाबालिग की हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया गया है. फिलहाल पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से जांच कर रही है. वहीं पुलिस का कहना है की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ पता चल सकता है। वहीं मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व नबा. लिक के पास से दो मोबाइल मिला था जो की गाँव के हीं लड़का गोलवाढाब निवासी अजीत कुमार यादव एवं काराखुट निवासी निशांत कुमार यादव से फोन पर बात करती थी जिसके बाद परिजनों के द्वारा अपने बेटी को डांट दबाव की थी जिसके बाद वो लापता हुई थी। वहीं उक्त मामले को लेकर डोमचांच थाना मे विभिन्न धाराओं के तहत कांड संख्या 137/ 2022 दर्ज करते हुए अभियुक्त अजीत कुमार यादव एवं निशांत कुमार यादव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## रेन्बो स्कूल ने एसडीजीएम अकादमी को 2 विकेट से हराया, संदीप बने मैन ऑफ द मैच





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल मैदान में रेन्बो स्कूल बनाम एसडीजीम अकादमी के बीच फ्रेंडली क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस रोमांचक मुकाबले में रेनबो स्कूल की टीम ने एसडीजीएम को 2 विकेट से शिकस्त देकर मैच पर कब्जा कर लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एसडीजीएम की टीम ने निर्धारित 15 ओवरों के खेल में 14.4 ओवर में अ०ल आउट होकर 80 रनों की लक्ष्य खड़ा किया। एसडीजीएम अकादमी की ओर से सर्वाधिक रन जय कुमार ने 22 रन बनाए। रेन्बो स्कूल की ओर से सर्वाधिक विकेट संदीप कुमार ने लिया जिन्होंने 3 ओवर में 6 रन देकर 5 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेन्बो स्कूल की टीम 12.4 ओवर खत्म होने तक 8 विकेट खोकर 80 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। पूरे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए रेन्बो स्कूल के संदीप कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को मैच के मुख्य अतिथि एसडीजीएम के निदेशक महेश गुरनानी, प्रधानाचार्य मनोज कुमार, रेनबो स्कूल के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर सोनू सिंह, निरंजन कुशवाहा, ताहिरा प्रवीण, श्रुति शुभम, पंचम पांडेय, गौरी शंकर, राजेश यादव, प्रवीण कुमार, संकेश कुमार, नरेश यादव, रंजीत कुमार, पूजा दुबे, रिंकी कुमारी, रिफ्फत प्रवीण, सुधा कुमारी, उषा कुमारी, सरिता कुमारी, प्रीति कुमारी, खुशबू कुमारी, रौशनी कुमारी आदि उपस्थित रहें।

## इटकी रांची में राज्य स्तरीय कलाली इराकी सम्मेलन का आयोजन 20 को, तयारी को लेकर हुई बैठक

### सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर मिली जिम्मेदारी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कैसर खालिद के गरीब खाना पर कलाल इराक़ी बिरादरी की लोगों की बैठक हुईद्य इसमें तय शुदा कार्यक्रम 20 नवंबर को इटकी रांची में होने वाली राज्य स्तरीय कलाल इराक़ी सम्मेलन पर चर्चा हुई। सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर हजारीबाग के प्रबुद्ध लोग बैठे और कार्यक्रम की सफलता को लेकर सलाह मशविरा किए। रांची के शाह उमैर,राज्य कन्वेनर, यंग इराकी झारखंड और इनके रूफका (साथी) को बतारीख 16. 11.2022 के बाद नमाज़ मगरीब समय साढ़े छह बजे शाम स्थान प्लाजा मैरेज हाल पगमिल मिल्लत कालोनी चौक हजारीबाग मद्ऊ किया गया हैद्य शाह उमैर और इनके रूफका (साथी) बीसी -2 से बीसी -1में जाने के सिलसिले पर बात करेगे । साथ ही साथ अपनी कम्युनिटी को कैसे संगठित किया जाय और इसकी अपनी पहचान हर तबका में होसाके खास कर सीयासत, शिक्षा, स्वास्थ आदि में भागीदारी कैसे हो। इस पर मंथन किया जायेगा। इस मीटिंग की सदारत मोहम्मद इफतीखार अहमद (नाज ज्वेलर्स ) ने की । सम्मेलन को सफल बनाने के लिए बरही विधान सभा क्षेत्र की जिम्मेदारी कैसर खालीद को दी गई। बड़कागांव विधान सभा की जिम्मेदारी अबुल हसन को दी गई। वहीं सदर विधानसभा की जिम्मेदारी अरसद अमजद को दी गई है। नगर निगम हजारीबाग की जिम्मेदारी जीलानी वकील असलम वकील को दी गई है अरसद अमजद को मीडिया प्रभारी को जिम्मेदारी दी गई मौके पर वकील जीलानी , वकील असलम अबुल हसन कैसर खालीद, गुलाम गौस,खालिद हस,मोहम्मद हलीम, मुनाजिर इकबाल, मोहम्मद शकील अहमद सहित कई लोग मौजूद थे।

## झारखंड के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हुआ 11 नवंबर का दिन, चारो तरफ खुशियां ही खुशियां : प्रयाग प्रसाद

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


प्रयाग प्रसाद

झारखंड प्रदेश के कांग्रेस कमिटी सहकारिता विभाग बरही विधानसभा सचिव प्रयाग प्रसाद ने राज्य सरकार के फैसले का सराहना करते हुए कहा की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनता से जो वादा किया था, उसे निभाने का काम किया है। अब केंद्र सरकार की जिम्मेवारी बनती है की वह झारखंड की भावनाओ के अनुरूप संवैधानिक प्रावधानों के तहत 1932 खतियान आधारित स्थानीयता और नियुक्ति तथा सेवाओं में वृद्धि से संबंधित विधेयक को नौवी अनुसूची में डालने की पहल करे। ताकि झारखंड वासियों का मान - सम्मान और अधिकार मिल सके। साथ ही साथ उन्होंने कहा की झारखंड विधानसभा से झारखंड वासियों का आत्मा और अस्मिता से जुड़े 1932 खतियान आधारित स्थानीयता और नियुक्ति तथा सेवाओं में आरक्षण वृद्धि का विधेयक पारित हो चुका है। पूरा झारखंड के लिए शुक्रवार का दिन विशेष और ऐतिहासिक साबित हुआ है। पूरा झारखंड जश्न और खुशियां मना रहा है। उन्होंने कहा की झारखंड के लिहाज से 11 नवंबर का दिन इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो चुका है।

## रसोईया धमना में कांग्रेस की पंचायत स्तरीय बैठक सम्पन्न, मो तैयब बने अध्यक्ष व नरेश कुमार बने सचिव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत शनिवार को बरही प्रखण्ड के रसोईया धमना पंचायत में कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी की अध्यक्षता में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से मो तैयब को रसोइया धमना पंचायत का अध्यक्ष व नरेश कुमार को सचिव बनाया गया। इस दौरान कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नहीं, बल्कि एक सोच और विचारधारा है। कांग्रेस पार्टी की सोच और विचार धारा को आगे बढ़ाने के लिए हम सब को प्रतिबद्घ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को आजादी दिलाने में कांग्रेस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पार्टी के कार्यकर्ताओं को आजादी की लड़ाई के दौरान जान गवानी पड़ी थी। गांधी जी, पं. नेहरू, सरदार पटेल जैसे दिग्गज नेताओं को जेल जाना पड़ा था। देश की आजादी से लेकर नव निर्माण तक कांग्रेस का योगदान सर्वाधिक रहा है। विकास का जो खाका आज दिखाई दे रहा है। वह कांग्रेसियों के बलबूते ही तैयार हुआ है। पार्टी इन्ही विचारों को लेकर आज बढ़ रही है। मौके पर मो तैयब, नरेश साव, मो तौकीर, मनोज साहू, गोपाल यादव, कार्तिक यादव, मो गोल्डेन, महबूब अंसारी, हसन रजा, मो अख्तर, मो मोजिन, मो रियाज, बासुदेव साव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## मोसोमात सुदामा को जल्द कराई जाए जमीन मुहैया : किशुन यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही पूर्वी जीप सदस्य सह जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने बरही के अधिकारियों से अपील करते हुए मोसोमात सुदामा को जल्द से जल्द उपलब्ध कराने की मांग किया है। विदित हो की मोसोमात सुदामा मलकोको की गरीब असहाय एक विधवा महिला है। जिसे घर बनाने के लिए अंबेडकर आवास योजना तो दिया गया परंतु पीड़ित महिला के पास जमीन नही होने के कारण वह अपना घर नही बना पा रही है। उन्होंने बरही सीओ सहित अन्य अधिकारियों को कई बार जमीन उपलब्ध कराने के लिए आवेदन भी दी कई बार वह अंचल कार्यालय का चक्कर भी काटी लेकिन उसे बार - बार उसे आपका काम हो जायेगा यह आश्वासन देकर छोड़ दिया गया। परंतु आज तक किसी भी अधिकारियों के द्वारा कोई पहल नहीं किया गया। जिसके कारण महिला मध्य विद्यालय मलकोको में रहने को मजबूर है।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## पदमा प्रखंड में तिलेश्वर साहू सेना कोर कमिटी का हुआ गठन



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

पदमा में स्थित विनय लाइन होटल में शनिवार को तिलेश्वर साहू सेना का एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू शामिल हुए। इस बैठक में पदमा प्रखंड के कोर कमिटी का गठन हुआ । जहां प्रखंड प्रभारी त्रिवेणी महतो, अध्यक्ष गौतम चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष कारू मेहता, उपाध्यक्ष बंगाली मेहता, सुशील जयसवाल, ननकु मेहता एवं ब्रह्मदेव रविदास, सचिव अशोक भुइयां एवं महेश मेहता, व प्रवक्ता खुर्शीद वारसी को घोषित किया गया। वहीं अरुण साहू ने सभी नवनिर्वाचित कोर कमिटी के सदस्यों को शुभकामनाएं दी एवं प्रत्येक पंचायत में तिलेश्वर साहू सेना के मूल विचारों को जन–जन तक पहुंचाने हेतु पंचायत कमिटी गठन करने का निर्देश दिया। मौके पर नवनिर्वाचित कोर कमिटी सदस्यों के अलावे बरही प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार, प्रखंड प्रधान महासचिव विष्णुधारी महतो, प्रकाश विश्वकर्मा, गोविंद मेहता, करण ओझा, अनिल शर्मा, बंगाली मेहता, कारू मेहता, ननकु मेहता समेत दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

## हेमंत सरकार भ्रष्टाचार, अपराध व घुसखोरों को संरक्षण दे रही : नीरा यादव

### डोमचांच प्रखंड के पत्रकार पर हुए दुर्व्यवहार पर भी बोली विधायक निंदनीय घटना






**अपेम लाइव : डोमचांच**
**राजेश मेहता**

डोमचांच। भाजपा की ओर से राज्य की हेमंत सरकार को विक्रेताओं को लेकर आयोजित राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत डोमचांच टैक्सी स्टैंड से लेकर कोड. रमा – गिरिडीह मुख्यमार्ग से डोमचांच प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। हाथों में तख्ती व झंडा लेकर प्रखंड कार्यालय पहुंचते हुए भाजपा विधायक नीरा यादव व कार्यकर्ताओं ने सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। वही विधायक नीरा यादव ने कही की हेमंत सरकार राज्य में भ्रष्टाचार अपराध व घूसखोरी जैसे गलत कार्यो को संरक्षण देने का काम कर रही है। हेमंत सरकार आदिवासी, दलित विरोधी व महिला विरोधी किसान विरोधी भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है। वहीं पत्रकार द्वारा डोमचांच प्रखंड के पत्रकार पर नवलशाही पुलिस द्वारा हुए दुर्व्यवहार को लेकर पूछा गया तो उन्होंने बताई की हेमंत सरकार मे पत्रकार से लेकर, दलित, आदिवासी, महिला, किशोरी, किसान कोई भी सुरक्षित नहीं है. आगे उन्होंने कहा की हेमंत राज्य मे किन्ही को भी न्याय नहीं मिल रहा है ए बहुत हीं नींदनीय का विषय है।




## ज्ञानोदय विकास स्कूल में पीटीएम का हुआ आयोजन, बच्चों के सर्वांगीण विकास पर दिया गया जोर





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए बड़कागांव के ज्ञानोदय विकास स्कूल में शनिवार को अभिभावक–शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यालय के सचिव सिकंदर सोनी एवं प्रेसिडेंट प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में शिक्षक–अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका संचालन विद्यालय के उपप्राचार्य अरुण कुमार भारती ने किया।संगोष्ठी में प्राचार्य रियासत हसन ने विद्यालय स्तर पर बच्चों के उत्तम शैक्षणिक विकास के लिए अभिभावकों से विस्तृत चर्चा की। बच्चों के स्वास्थ्य व स्वच्छता, नवाचार शिक्षा शास्त्र पर विचार विमर्श कर अभिभावकों के समक्ष अपनी बातों को रखा। वहीं बच्चों के बौद्धिक एवं नैतिक विकास के लिए बच्चों को नियमित स्कूल भेजने व घर में भी पढाई के लिए प्रेरित करने की बात बतायी । आगे उन्होंने कहा कि एक सफल अभिभावक के सहयोग के लिए, आपको शिक्षकों के साथ निरंतर बातचीत करने की आवश्यकता होती है। चूंकि बच्चे की शिक्षा और सम्पूर्ण विकास महत्वपूर्ण है, तो ऐसे में एक मजबूत साझेदारी के अलावा कुछ भी मायने नहीं रखता है। माता–पिता और शिक्षक दोनों अपने अवरोधों को दूर करते हैं और एक साझा लक्ष्य की दिशा में काम करने के लिए तैयार रहते हैं। एक नये शिक्षा प्रणाली को अपनाने के साथ–साथ आप आसानी से शिक्षकों के साथ बातचीत कर सकते है। संगोष्ठी में अभिभावकों से भी अनेक महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए, जिसपर अमल करने की बात कही गई। विद्यालय के सचिव सिकंदर सोनी ने कहा कि अभिभावक व शिक्षक मिलकर हीं छात्र का सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। विद्यालय के प्रेसिडेंट प्रवीण कुमार ने बताया की माता–पिता और शिक्षकों के बीच सकारात्मक संबंध छात्रों के अपने शिक्षकों पर पूर्ण विश्वास को सुनिश्चित करता है और अपने विकास के लिए दोनों पक्षों द्वारा किये जा रहे मेहनत को देखकर छात्र अपने शैक्षणिक लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए अधिक लगन से पढ़ाई करते हैं। इस दौरान विकास सेवा समिति के अध्यक्ष दशरथ कुमार ने कहा कि कोई बच्चा उच्च शैक्षणिक उत्कृष्टता स्तर को तभी प्राप्त कर सकता है जब उसे परिवार और स्कूल का पूरा समर्थन मिले। शिक्षक का माता–पिता के संपर्क में होना बच्चे की सफलता के लिए सर्वोपरि है। शिक्षक से प्रतिक्रिया प्राप्त करने से आपको अपने बच्चे के कमजोर क्षेत्रों को समझने और उसमें सुधार लाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य रियासत हसन, प्राचार्य अरुण कुमार भारती, सचिव सिकंदर सोनी, प्रेसिडेंट प्रवीण कुमार, विकास सेवा समिति के अध्यक्ष दशरथ कुमार, सचिव बुद्धिनाथ महतो, सदस्यों में धनुषधारी महतो, राजू कुमार, अश्विनी कुमार, ज्ञानी कुमार, रंजीत कुमार, योगेंद्र कुमार, शिक्षकों में लालदेव महतो, राजू राणा, ईश्वर दयाल महतो, कुलदीप राणा, तौहीद आलम, संजय दांगी, सौरभ कुमार रंजन, अनामिका कुमारी, अनिता कुमारी, अर्सला नाहिद, सपना कुमारी, रिचा वर्मा, सुजाता शर्मा, रिंकी कुमारी, इंदु कुमारी, नीतू कुमारी, प्रतिक्षा कुमारी, साबिया प्रवीण, मीना कुमारी, रूपा कुमारी के अलावा सैकड़ों अभिभावक उपस्थित थे।

## रानीचुवा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन, 641 लोगो ने दिया आवेदन


कंबल वितरण करते विधायक वा अन्य


किशोरियों के साथ विधायक वा अन्य

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को रानीचुवा पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया।जिसका उद्घाटन विधायक उमाशंकर अकेला, बरही एसडीओ पूनम कुजूर, जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, बीडीओ सी.आर. इंदवार, प्रमुख मनोज रजक, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छठु गोप, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, बरही विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू एवं मुखिया मूर्ति देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस शिविर में 15 वीं वित आयोग, आवास, सावित्री भाई फुले किशोरी समृद्ध योजना, ई श्रम कार्ड, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, राशन कार्ड, स्वास्थ्य, जिला आपूर्ति सहित अन्य कई स्ट०ल लगाए गए। इस शिविर में कुल 641 आवेदन जमा किया गया एवं 196 आवे. दनों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। साथ ही बाकी शेष बचे आवेदनों को जांच के लिए अग्रत्तर कर दिया गया है। वहीं शिविर में 150 जरूरतमंद लोगों के कंबल वितरण किया गया। साथ ही नीलांबर पीताम्बर जल समृद्धि योजना के तहत 06 योजना का चयन किया गया। बाल विकास परियोजना के तहत सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 15 किशोरियों को स्वीकृति पत्र दिया गया। जेएसएलपीएस के द्वारा 01 सखी मंडल के बीच एक लाख पच्चास हजार रूपया का ऋण वितरण किया गया। मनरेगा के तहत शिवराम किस्कू के जमीन। पर कूपे निर्माण का स्वीकृति पत्र दिया गया साथ ही फूलों झानो आशीर्वाद योजना के तहत वीना सोरेन को पच्चास हजार का सहयोग राशि दिया गया। इस शिविर में आधार शुद्धिकरण का कार्य किया गया। नए राशन कार्ड लाभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना से संबंधित आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। वहीं एसडीओ पूनम कुजूर ने सरकार के द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को रु बरु कराई। मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला यादव, एसडीओ पूनम कुजूर, जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, बीडीओ सी. आर. इंदवार, प्रमुख मनोज रजक, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छठ्ठू गोप, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, मुखिया मूर्ति देवी, मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र टुड्डू सहित दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## झापा में सीएम फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन, झापा बना विजेता

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



झापा पंचायत में मुख्यंमत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्थानीय मुखिया अन्नपूर्णा देवी ने फुटब०ल किक मारकर व खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। पंचायत स्तरीय आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में पंचायत के लगभग गाँवो के टीमो ने भाग लिया था जिसमे झापा की टीम ने रोमांचक मुकाबले में बिशनपुर की टीम को पराजित कर प्रखण्ड स्तरीय मुकाबले में प्रवेश किया। खिलाड़ियो को सम्बोधित करते हुए मुखिया अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि राज्य के सीएम हेमन्त सोरेन के दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि ग्रामीण स्तर पर छीपी प्रतिभा को निखारा जाए। सीएम फुटबॉल प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण खिलाड़ियो को एक मंच मिल रहा है जहां से खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के दम पर राज्य स्तर पर अपनी पहचान बना सकते है। मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह ने कहा कि पंचायत स्तरीय विजेता टीम को प्रखण्ड स्तरीय मुकाबले में खेलना है। विजेता टीम को बधाई देते हुए बिनोद सिंह ने प्रखण्ड व जिला स्तरीय मुकाबले में जीत की शुभकामनाएं दिया।

## मॉडल पब्लिक स्कूल ने जारी की फर्स्ट टर्मिनल एग्जामिनेशन रिजल्ट

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव थाना के समीप मॉडर्न पब्लिक स्कूल बड़कागांव में प्रथम से लेकर दशर्वी क्लास के विद्यार्थियों के बीच फर्स्ट टर्मिनल एग्जामिनेशन का रिजल्ट जारी किया गया। रिजल्ट प्रकाशित होने से पहले सभी बच्चे अपने-अपने परिणाम जानने के लिए काफी उत. साहित दिखें। लगातार दो साल कोविड-19 के बाद बिल्कुल सावधानी के साथ लिखित परीक्षा ली गई। रिजल्ट का प्रकाशन मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम एवं निदेशक कुलदीप कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में हुई। परिणाम का संचालन कन्हैया कुमार ने किया। स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम ने कहा कि तिमाही वार्षिक परीक्षा लेने के पीछे बच्चों की प्रतिभा को पता करना था, इसी के अधर पर रूपरेखा तैयार किया जाता है। इस दौरान मोहम्मद इब्राहिम ने कहा कि जिन बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन किया उनकी उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं और आने वाला समय में यह निरंतर बनाए रखें। साथ ही जो बच्चे कम नंबर लाए हैं उन्हें और मेहनत करने की जरूरत है, क्योंकि आजकल बच्चे मेहनत करने से डरते हैं। अपने-अपने वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को नगद के साथ-साथ पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। क्लास में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का नाम दसवीं ए, बी एवं सी में रोहित कुमार, बंटी कुमार ,सूर्यकांत कुमार,सोनी कुमारी, मुस्कान कुमारी ,रानी कुमारी, आदित्य नंदन पाठक, सानाबिल रजा, शिवनंदन कुमार ,क्लास नाइंथ में अमर कुमार राणा ,विक्रम कुमार, अंकित कुमार,अजय कुमार रुहान कैफ,सत्यम कुमार ,संजना कुमारी, हिना परवीन ,निशा कुमारी, क्लास अष्टम काजल कुमारी,शिवम कुमार, कुंदन कुमार ,रविंद्र कुमार ,तमन्ना आजमी, ज्योति कुमारी, जूही कुमारी, वर्ग सप्तम माही कुमारी, संदीप कुमार, श्रेयांश कुमार, क्लास सिक्स सनम आरजू, सौरभ सिंह, निशुराज, क्लास फाइव शिवम कुमार, राधे कुमार, शिवम राज, क्लास फोर पूजा कुमारी, रोशन कुमार, परी सिंह, क्लास 3 कशिश कुमार, फैजान रजा, अफसर रजा, क्लास 2 मयंक कुमार, रितिक राज, सुजल कुमार, क्लास वन शिवम कुमार, अंकुश कुमार, आरसी परवीन इत्यादि है। मौके पर स्कूल के शिक्षक मो. हम्मद अली, संतोष कुमार, रोशन कुमार, रंजीत कुमार, संगीता कुमारी, सुमित कुमार, कन्हैया कुमार, मो. हम्मद अजमतउरला, राहुल कुमार, मुकेश कुमार, मंजीत कुमार, बीपी कुमारी, अंजली कुमारी, मंजू कुमारी, आशीष कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थें।




## एनटीपीसी उत्तर पश्चिमी खदान की पर्यावरणीय लोक सुनवाई





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : 11 नवम्बर 2022 को मेसर्स एन. टी. पी. सी. लिमिटेड द्वारा 30 लाख टन प्रति वर्ष कोयला उत्पादन क्षमता के पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के उत्तर-पश्चमी खदान की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई फुटब०ल मैदान, गाँव दृ ईतिज, ब्ल०क दृ केरेदारी, जिला दृ हजारीबाग में शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई। इस परियोजना से प्रभावित ग्रामों दृ बरियातू, बसरिया, बेल्तू, जबरा, काँदाबेर, नवाडीह, सीरमा और उरुब के लगभग 2000 से भी ज्यादा ग्रामीणों ने भाग लिया। पर्यावरणीय लोक सुनवाई विनोद कुमार जिला भू-अर्जन पदाधिकारी की अध्यक्षता में झारखंड प्रदूषण नियंत्रण परिषद के नामित पदाधिकारी, अशोक कुमार यादव, क्षेत्रीय पदा. धिकारी, हजारीबाग एवं कुमार गौरव जैन कंसलटींग इग्ज़ेक्यटिव, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, रांची के संचालन में झारखंड प्रदूषण नियंत्रण परिषद द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर एन. टी. पी. सी. लिमिटेड के बिरेन्द्र कुमार, अपर महाप्रंधक (पर्यावरण) एवं पवन व. खाण्डवे अपर महाप्रंधक (खनन) द्वारा प्रस्तावित परियोजना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गयी। लोक सुनवाई में उपस्थित परियोजना प्रभावित ग्रामों के ग्रामीण तथा जनप्रति. निधिगण, बड़कागाँव की वर्तमान विधायिका अंबा प्रसाद तथा बड़कागाँव विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो सहित, एन. टी. पी. सी. एवं त्रिवेणी सैनिक माइ. निंग प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारीगण मौजूद थे।

परियोजना प्रभावित बरियातू, बसरिया, बेल्तू, जबरा, काँदाबेर, नवाडीह, सीरमा, उरुब और अन्य गाँवो से करीब 2000 से अधिक कि संख्या में उप. स्थित ग्रामीणों के द्वारा अपने विचार, समस्याओं एवं मांगों को अवगत कराते हुए परियोजना का समर्थन किया गया। पर्यावरणीय लोक सुनवाई में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा व्यक्त किए गए मांगों एवं सुझावों पर स्पष्टीकरण एन. टी. पी. सी. के पदाधिकारियों की ओर से दिया गया। लोक सुनवाई कि प्रक्रिया अपने निर्धारित समय पर सुबह 11रू00 बजे शुरू हुई तथा शाम के 06रू30 बजे तक चली। अंत में लोक सुनवाई के अध्यक्ष के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ शांतिपूर्ण तथा सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई ।

## बड़कागांव में खनन क्षेत्र विस्थापित हाइवा एसोसिएशन का गठन आतीष मिश्रा अध्यक्ष चुने गए

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


बैठक में शामिल लोग

बड़कागांव : पूर्वी पंचायत अंतर्गत एनटीपीसी बिजली सब स्टेशन के समीप हा. ईवा संचालक मालिकों की विशेष बैठक की गई ।जिसकी अध्यक्षता कपिल सिंह एवं संचालन जगत नारायण महतो ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से हा. ईवा संचालन को लेकर कमेटी का गठन किया गया जिसमें आतिश मिश्रा को अध्यक्ष एवं जगत नारायण महतो को सचिव बनाया गया। संघ को बेहतर ढंग से संचालन को लेकर कई पदाधिकारियों का चुनाव किया गया जिसमें मुख्य रुप से संरक्षक - राकेश कुमार मिश्रा, योगेंद्र महतो एवं बालेश्वर प्रजापति को उपाध्यक्ष,उपसचिव - कृष्ण कुमार, कोषाध्यक्ष - फुलेश्वर महतो, संगठन मंत्री- खेमलाल महतो, मीडिया प्रभारी - पवन मिश्रा को बनाया गया। वही निगरानी समिति समिति में कपिल सिंह ,राजनाथ कुमार, राजेंद्र प्रसाद, जुगेश्वर सिंह ,रोहित कुमार ,नकुल महतो ,संतोष यादव ,द्वारिका साव, पंकज कुमार, मोहित कुमार दांगी ,प्रदीप कुमार,खुशनरायन प्रशाद, दांगी,रमेश महतो,प्रदीप गिरी को रखा गया है। बैठक में मौके पर उपस्थित लोगों ने मुख्य रूप से सिकन्दर कुमार,रामदेशी महतो,नरेश महतो,टेकलाल कुमार, गोवर्धन महतो, अवधकिशोर , रिंकू महतो, खिरोधर महतो, अन्य लोग उपस्थित थे ।

## विष्णुगढ़ के कोनार डैम में होगा आजसू का राज्यस्तरीय महिला महासम्मेलन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


कोनार डैम में आजसू कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मांडू विस प्रभारी

आजसू पार्टी का राज्यस्तरीय महिला महासम्मेलन विष्णुगढ़ के कोनार डैम में चार दिसंबर को होगा। महासम्मेलन को सफल बनाने को लेकर शनिवार को कोनार डैम फुटब०ल मैदान में पार्टी की अहम बैठक हुई। बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पार्टी ने राज्यस्तरीय महिला महा. सम्मेलन को लेकर जो जवाबदेही दी है, उसे बखूबी पूरा करना सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है। महासम्मेलन में पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो भी मौजूद रहेंगे। इसकी रूपरेखा बनाने के लिए कई कार्यकर्ताओं ने अपनी बातें रखी। निर्णय लिया गया कि आगामी 22 नवंबर को विष्णुगढ़ एवं टाटीझरिया प्रखंड के महिला मोर्चा की बैठक कोनार डैम में होगी। इसके बाद 27 नवंबर को हजारीबाग एवं रामगढ़ जिला का संयुक्त जिला महिला मोर्चा की बैठक भी कोनार डैम में होगी। इस बैठक में महिला महासम्मेलन की तैयारियों एवं व्यवस्था की समीक्षा कर इसे सफल बनाने की रूपरेखा तय की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल व संचालन रूपेंद्र महतो ने किया। मौके पर लालमोहन महतो, मुखिया कुंवर हांसदा, दीपू अकेला, महादेव देहाती, प्रकाश महतो, हितेंद्र पटेल, जगद. ीश महतो, गौतम वर्मा, रामेश्वर महतो, अभिषेक कुमार, अनिल बेदिया, सुरेश महतो, अशोक कुमार, हेमलाल महतो, सुनील कुमार, संतोष महतो, गोविंद महतो, पिंटू, थानेश्वर महतो, बिनोद कुमार महतो समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## विधायक ने की ब्रह्मभोज के लिए खाद्य सामग्री देकर सहयोग

अपेम लाइवः बडकागॉव
अमित मालाकार



बड़कागांव प्रखंड के अंबेडकर मोहल्ला निवासी उगन भुइयां उम्र 75 साल की मौत हो जाने के बाद उसकी श्राद्ध कर्म के लिए विधायक अंबा प्रसाद ने सहयोग प्रदान की। ब्रह्मभोज के लिए कांग्रेस के युवा नेता चंदन गुरु द्वारा विधायक अम्बा प्रसाद ने मृतक के परिजनों के पास खाद्य सामग्री भिजवाई। ज्ञात हो कि 1 सप्ताह पहले अंबेडकर मोहल्ला निवासी उगन भुइयां का निधन आर्थिक अभाव के कारण हो गई थी। वह कई दिनों से बीमार था। पैसे के अभाव में इलाज नहीं हो पा रहा था। इस कारण उनकी मौत गयी थी। खाद्य सामग्री देने के दौरान मृतक के पुत्र मुरली भुइंया, मैनेजर भुइंया,पोता सुजीत राम,कांग्रेस नेता रोहित सिंह, युवा कांग्रेस के नेता चंदन गुरु, रवि कुमार, सुजीत कुमार, संतोष कुमार, राकेश कुमार उर्फ सज्जन समेत अन्य कांग्रेसी शामिल थे। खाद्य सामग्री सहयोग करने के बाद कांग्रेसियों ने मृतक की आत्मा की शांति के लिए 1 मिनट का मौन धारण भी किया।

## चालान नहीं मिलने को लेकर बड़कागांव ट्रैक्टर यूनियन की बैठक

अपेम लाइवः बडकागॉव
अमित मालाकार



बड़कागांव ट्रैक्टर यूनियन की बैठक 13 नवंबर को होरम मोड़ मोहदरवा टांड़ में 11ः00 बजे दिन से रखी गई है। बैठक मुख्य रूप से चालान नहीं मिलने को लेकर रखी गई है। चालान नहीं मिलने से गाड़ी चलाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। बैठक में ट्रैक्टर चलाने से संबंधित समस्याओं को लेकर विशेष तौर से विचार विमर्श किया जाएगा और उचित निर्णय लिया जाएगा। बैठक को लेकर यूनियन के अध्यक्ष पंकज ठाकुर, उपाध्यक्ष रंजीत चौबे, सचिव केदार साव एवं कोषाध्यक्ष भीम प्रकाश ने संयुक्त रूप से अपील करते हुए कहा है कि ट्रैक्टर सुचारू रूप से चले इसके लिए आप सभी ट्रैक्टर मालिक एवं ड्राइवर को बैठक में आना आवश्यक है। ताकि आप अपना यूनियन के साथ विचार का आदान प्रदान कर सके। बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष पंकज ठाकुर, उपाध्यक्ष रंजीत चौबे, धर्मेंद्र प्रसाद, सचिव केदार साव, कोषाध्यक्ष भीम प्रकाश, कोर कमेटी सदस्य ऋषि कुमार, कृष्णा कुमार, कृष्ण मुरारी, शिव चरण महतो, प्रकाश महतो, रूपेश कुमार, मीना महतो एवं सैकड़ों गाड़ी मालिक उपस्थित रहेंगे।

## बीईईओ ने कस्तूरबा स्कूल का किया औचक निरीक्षण

अपेम लाइव : चौपारण
किशोर राणा



बीईईओ राकेश कुमार सिंह ने मानगढ़ स्थित कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय का किया औचक निरीक्षण। इस बीईईओ ने कस्तूरबा स्कूल के विधि व्यवस्था, बच्चों की उपस्थिति का निरीक्षण किया। बीईईओ ने स्कूली बच्चियों से प्रतिदिन मिलने वाले भोजन की जानकारी लिया। बच्चियों ने कहा कि मेनू के हिसाब से प्रतिदिन भोजन मिलता है। इस दौरान वार्डेन सनमित्रा ने विभागीय समस्यों व पार्ट टाइम शिक्षको के मानदेय से सम्बंधित समस्यों से बीईईओ को अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में सभी शिक्षिकाएँ व शिक्षक उपस्थित थे। बीईईओ ने शिक्षको संग बैठक कर रुटीन के हिसाब से बच्चो को पढ़ाने की बात कहा। बीईईओ ने कहा कि प्रखण्ड के गरीब व असहाय बचियाँ कस्तूरबा में पढ़ती है। शिक्षको ने बीईईओ को आस्वस्त किया कि आने वाले दिनों में चौपारण कस्तूरबा पढ़ाई के मामले में जिले में अव्वल रहेगा। मौके पर प्रबंधन समिति अध्यक्ष देवेंद्र यादव, वार्डन सनमित्रा, मीरा राणा, प्रकाश रजक, पूजा कुमारी, सहित अन्य।

## स्थानीयता एवं नियोजन नीति के कैबिनेट में पारित होने पर झामुमो ने निकाला विजय जुलूस

### मिठाईयां बांटकर तथा आतिशबाजी कर किया खुशी का इजहार

अपेम लाइव : विष्णुगढ
मिथिलेश गोल्डी



जुलूस में शामिल झामुमो कार्यकर्ता

झारखंड विधानसभा में 1932 खतियान के आधार पर स्थानीय एवं नियोजन नीति विधेयक पास होने की खुशी में शनिवार को विष्णुगढ़ झामुमो प्रखंड कमेटी ने विजय जुलूस निकालकर खुशी का इजहार किया। इसके पूर्व कार्यालय के समक्ष लोगों के बीच मिठाइयां बांटी गई और जमकर आतिशबाजी हुई। ढ़ोल-नगाड़े की धुन पर कार्यकर्ता खूब थिरके और इस ऐतिहासिक फैसले को लेकर हेमंत सोरेन की सरकार को झारखंड हितैषी एवं माटी का सच्चा सपूत बताया। बीस सूत्री सदस्य सह कार्यवाहक प्रखंड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी ने कहा कि झारखंड के इतिहास में जो काम कोई सरकार नहीं कर सकी वह मौजूदा हेमंत सोरेन की सरकार पूरा कर रही है। चुनाव में जनता से किए गए सभी वादों को एक-एक कर इस सरकार ने आम जनता के दिलों में जगह बना ली है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड कैबिनेट में 1932 खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति, ओबीसी को 27, एसटी को 28 तथा एसी को 12 प्रतिशत आरक्षण विधेयक का पारित होना झारखंड के इतिहास के स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। इधर, झामुमो जिलाध्यक्ष शंभुलाल यादव ने कहा कि यह राज्य के लिए ऐतिहासिक दिन है। अब स्थानीय युवाओं के राज्य के तृतीय एवं चतुर्थवर्गीय रिक्तियों में भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। कहा कि इस फैसले से विरोधी पार्टी भा. जपा अब मुद्दाविहिन होकर रह गई है। बौखलाहट में आकर केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करते हुए छापेमारी करवा कर सरकार को डराने का काम कर रही है। हालांकि राज्य सरकार की सेहत पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी तथा 2024 के चुनाव में भारी बहुमत के साथ 65 पार का आंकड़ा पूरा करेगी। मौके पर संजय प्रजापति, मुखिया दुलारचंद पटेल, गंगाधर महतो, बिनोद सोरेन, शरीफ अंसारी, जितेन्द्र यादव, सुनील सिंह, अनंतलाल महतो, पवन महतो, प्रसादी यादव, अरुण महतो, छोटू हांसदा, शेख वसीम, विष्णु गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ में भाजपा द्वारा सरकार के खिलाफ जनाक्रोश रैली एवं प्रखंड मुख्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन

### हेमंत सोरेन की सरकार में अफसरों को मिली है लूट की खुली छूटः जेपी पटेल




जनाक्रोश रैली में शामिल भाजपा कार्यकर्ता



संबोधित करते विधायक

अपेम लाइव : विष्णुगढ
मिथिलेश गोल्डी

राज्य सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों तथा व्याप्त भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण एवं अफसरशाही के खिलाफ शनिवार को भाजपा ने विधायक जेपी पटेल के नेतृत्व में जनाक्रोश रैली तथा धरना प्रदर्शन किया। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन में विधायक ने कहा कि झारखंड की गद्दी पर जब से हेमंत सोरेन की सरकार बैठी है। राज्य को लूटने में लग गई है। बिना चढ़ावा चढ़ाए कोई काम नहीं होता। भ्रष्ट अफसरों के माध्यम से अपनी जेब भरने ये यह सरकार जुटी है। ट्रांसफर-पोस्टिंग का बड़ा उद्योग चल रहा है। मुख्यमंत्री रहते हेमंत सोरेन ने खनन पट्टा अपने नाम से लिया। भ्रष्टाचार के कारण इनके तथा सहयोगियों के घर लगातार ईडी एवं आईटी के छापे पड़ रहे हैं। कहा कि इस सरकार में सभी प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में लूट की खुली छूट मिली हुई है। भाजपा कार्यकर्ताओं को तंग किया जा रहा है। चेतावनी देते हुए कहा कि सुधर जाएं नहीं तो औकात में लाकर खड़ा कर देंगे। यहां हावी दलालों को पह. चानने कर खदेड़ने का काम करें। कार्यक्रम प्रभारी सुखदेव यादव ने कहा कि हेमंत सोरेन के परिवार का कोई आदमी झारखंड आंदोलनकारी नहीं रहा है। आंदोलन के एक भी केस में उनके पिता, भाई या संबंधियों का नाम नहीं है। परिवार पर सिर्फ लूटपाट, हत्या, रंगदारी आदि के मामले हैं। इनके शह पर झारखंड के अफसर झारखंड की संपदा को लूटने में लगे हैं। रोजाना हजारों ट्रक कोयला, बालू, पत्थर व अन्य खनिज अवैध तरीके से बेचकर झारखंड को लूटने का काम किया जा रहा है। धरना प्रदर्शन को कई वरिष्ठ कार्यकताओं ने भी संबो. धित किया। मंच संचालन गुरु प्रसाद साव ने किया। इसके पूर्व रमुवां दुर्गा मंदिर परिसर से प्रखंड मुख्यालय तक जनाक्रोश रैली निकालकर सरकार एवं अफसरशाही के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई। मौके पर मंडल अध्यक्ष केबी मंडल, नारायण महतो, विपिन सिन्हा, मधुसूदन प्रसाद, सुशील मंडल, डोमन गुप्ता, निर्मल कुमार, हीरामन महतो, अंजू देवी, महादेव मंडल, शशि लाहकार, गुलाब शंकर महतो, सुखदेव मंडल, शंभु यादव, हेमलाल महतो, सुरेश मंडल, शेख मेराज, महेन्द्र राम समेत कई भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद थे।

## कोरटेवा पायनियर धान बीज कंपनी ने लगाई फसल प्रदर्शनी

अपेम लाइव : विष्णुगढ
मिथिलेश गोल्डी



पायनियर बीज कंपनी द्वारा भव्य फसल प्रदर्शनी में सम्मानित हुए किसान

विष्णुगढ़ प्रखंड के चानो गांव में शनिवार कोरटेवा पायनियर बीज कंपनी द्वारा भव्य फसल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें पायनियर हाइब्रिड धान 27 पी37 की विशेषताओं के बारे में किसानों को जानकारी दी गई। हजारीबाग के मैनेजर समित कुमार, एमडीआर कपिलदेव वर्मा तथा राजेश कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि पायनियर 27 पी37 अत्यधिक पैदावार देने वाला हाइब्रिड धान का बीज है। इस बीज से पैदावार हुई धान की बालियां अन्य धान की बालियों के मुकाबले लंबी, गुच्छेदार एवं वजनदार होती है। जिससे किसानों को अत्यधिक उपज प्राप्त होती है। इससे किसानों को अधिक मुनाफा मिलता है। कंपनी के अधिकारियों ने किसानों को धान की फसल में लगने वाली प्रमुख बीमारियों और इससे बचाव से संबंधित भी जानकारी दी। कई किसानों को कंपनी द्वारा सम्मानित किया गया। फसल प्रदर्शनी में चानो समेत आसपास के अन्य गांवों के भी बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। सभी ने इस प्रजाति के धान की खूबियों को सराहा और इस नस्ल के बीज से अधिक उपज प्राप्त होने पर खुशी जाहिर की। कहा कि धान का यह बीज किसानों के लिए सर्वोत्तम है। मौके पर किसान रतनलाल पटेल, बुधन महतो, हीरालाल महतो, चेतलाल महतो, विष्णुदेव महतो, हेमलाल महतो समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

APEM
LIVE